जागरण

नकली शराब की बड़ी साजिश नाकाम, 3800 लीटर स्प्रीट जब्त, एक धंधेबाज गिरफ्तार

बाबुल दीप, मुजफ्फरपुर। Excise Police Action: होली से पहले नकली शराब बनाने की बड़ी साजिश को उत्पाद विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में नाकाम कर दिया।
छापेमारी के दौरान अलग-अलग स्थानों से करीब 3800 लीटर स्प्रीट जब्त की गई है। इस कार्रवाई में एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पांच अन्य की तलाश जारी है।

उत्पाद विभाग और गरहां थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गरहां कफेन निवासी रणधीर पटेल के रूप में की गई है।

पूछताछ के दौरान चार अन्य धंधेबाजों के नाम भी सामने आए, जिसके आधार पर कुल छह लोगों के विरुद्ध अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/muzaffarpur-fake-liquor-spirit-seized-muzaffarpur-excise-police-action-40146463.html